## एक नजर में

### सुठालिया में आज 6 घंटे होगी बिजली कटौती

**सुठालिया 01 जून, सं.** आज मंगलवार 02 जून को सुठालिया सब स्टेशन तथा सुठालिया लाईन का मेंटेनेंस कार्य के चलते 6 घंटे तक बिजली कटौती की जाएगी. सुठालिया शहर की विद्युत सप्लाई सुबह 6 .00 बजे से दोपहर 12 .00 बजे तक बंद रहेगी.

### कृमिपालन के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**राजगढ़ 01 जून, का.** उप संचालक रेशम द्वारा बताया गया कि रेशम संचालनालय भोपाल द्वारा ऐसे कृषक जो निजी भूमि में 01 एकड़ क्षेत्र में शहतूत पौधरोपण एवं रेशम कृमिपालन कर ककून उत्पादन करना चाहते हैं, उनके लिए पारदर्शी प्रक्रिया के तहत ऑनलाईन पंजीयन की व्यवस्था ई- रेशम पोर्टल पर प्रारम्भ की गई है. रेशम कृमिपालन में रूचि रखने वाले कृषक अपना आवेदन उक्त पोर्टल पर पंजीकृत कर सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए रेशम कार्यालय पुराना कलेक्टर परिसर राजगढ़ एवं रेशम केन्द्रों सागपुर, मोहन, लीमाचौहान, खुजनेर, गोपालपुरा एवं जयनगर से सम्पर्क कर सकते हैं. चयन पत्र जारी होने के पूर्व कृषक विभागीय योजनान्तर्गत किसी भी हितलाभ के दावेदार नहीं होंगे.

### तंबाकू निषेध दिवस पर किया जागरूक

**राजगढ़ 01 जून, का.** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नरसिंहगढ़ स्टेडियम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था. कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को तंबाकू से बने उत्पादों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, जैसे कैंसर, क्षय रोग (टीबी), हृदय रोग एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. साथ ही तंबाकू और नशे की लत से बचने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम के सफल आयोजन में भूतपूर्व सैनिक मनीष चोपड़ा का विशेष सहयोग रहा. आयोजकों ने उनके योगदान के प्रति हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन संभव हो सका.

### ब्यावरा में लगेगी रात्रि चौपाल

**ब्यावरा 01 जून, का.** समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, जनशिकायतों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक में अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. बैठक में आगामी गुरुवार को ब्यावरा विकासखंड में रात्रि चौपाल आयोजित करने तथा नरसिंहगढ़ में रात्रि विश्राम कार्यक्रम प्रस्तावित किए जाने के संबंध में एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम को पेयजल संबंधी शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए. ग्राम बवास में पेयजल शिकायत का समय पर निराकरण नहीं किए जाने पर संबंधित ईई पीएचई की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए.

# 5 जून को मोदी करेंगे स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन

## राजगढ़ सिटी स्टेशन अमृत स्टेशनों में शामिल, पश्चिम मध्य रेल्वे के अधिकारी पहुंचे तैयारियों का जायजा लेने

**देशभर के अमृत स्टेशनों के साथ कोटा मंडल का एकमात्र राजगढ़ रेल्वे स्टेशन सूची में शामिल**
**जल्द पुरा कुमारा तक ट्रेन भी दौड़ेगी**
**पश्चिम मध्य रेल्वे की कोटा मण्डल की टीम पहुंची राजगढ़**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 जून, का. रेलवे के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए गए राजगढ़ सिटी रेलवे स्टेशन का शुभारंभ 5 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा. देशभर में विकसित किए गए विभिन्न रेलवे स्टेशनों के साथ कोटा मंडल का एकमात्र राजगढ़ सिटी रेलवे स्टेशन भी उद्घाटन सूची में शामिल है.**

शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को कोटा मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम विशेष रेलगाड़ी से राजगढ़ पहुंची तथा स्टेशन परिसर में कार्यक्रम स्थल, व्यवस्थाओं और तकनीकी तैयारियों का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने स्थानीय कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए.

रेलवे द्वारा स्टेशन का आधुनिकीकरण कर यात्री सुविधाओं का विस्तार किया गया है. स्टेशन भवन को नया स्वरूप देने के साथ प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण और यात्री सुविधाओं में सुधार के कार्य किए गए हैं. उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों तथा नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है. प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल शुभारंभ के बाद राजगढ़ सिटी रेलवे स्टेशन को क्षेत्र के यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेशन के रूप में नई पहचान मिलेगी.

### विशेष रेलगाड़ी से पहुंची कोटा मंडल की टीम

उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को कोटा मंडल की टीम विशेष रेलगाड़ी से राजगढ़ पहुंची. अधिकारियों ने स्टेशन परिसर का निरीक्षण कर कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की. रेलवे प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं. टीम में सीनियर डीसीएम सौरभ जैन, डिप्टी सीई गौरव मिश्रा, राहुल करेड़ा, ओपी रावत और हंसराज बैरवा शामिल रहे.

### 21 जून तक आ सकती है जिले में ट्रेन

इधर रेल्वे प्रशासन के अधिकारियों ने नवभारत से अनौपचारिक चर्चा में बताया कि 5 जून को स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन होने के साथ ही आगामी 21 जून तक तय शेड्यूल के अनुसार मेमू ट्रेन भी पुरा कुमारा स्टेशन तक फेरे लगाने लगेगी. इसके पूर्व कोटा से उज्जैन चलने वाली प्रस्तावित ट्रेन को लेकर विभाग तैयारी कर रहा है. इसी पखवाड़े में उसका संचालन होने के बाद 21 जून के करीब जिले के पुरा कुमारा स्टेशन तक रामगंज मण्डी से घाटोली होकर चलने वाली ट्रेन का नियमित संचालन शुरू हो जाएगा.

### 15 जून को कोटा-उज्जैन मेमू सेवा शुरू 21 जून तक जिले में होगा आगमन

आगामी 15 जून को कोटा मण्डल द्वारा कोटा-चौमहला मेमू सेवा का नई समय सारणी के साथ विस्तार उज्जैन तक करने की स्वीकृति प्रदान की गई है. जिसे आगामी 15 जून को प्रारंभ किया जाएगा. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि कोटा मंडल से नागदा, उज्जैन एवं रतलाम क्षेत्र तक मेमू सेवा विस्तार की मांग लंबे समय से की जा रही थी. मेमू सेवा का उज्जैन तक विस्तार स्वीकृत किया है. वहीं इसके बाद आगामी 21 जून तक रामगंजमण्डी व्हाया घाटोली से जिले के पुरा कुमारा स्टेशन तक मेमू सेवा को शुरू किया जा सकता है. हालांकि तिथियों को अनौपचारिक रूप से बताया गया है. औपचारिक सूचना भी जल्द सामने आएगी.

राजगढ़ सिटी के नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का शुभारंभ 5 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से करेंगे. कार्यक्रम की तैयारियों के लिए अधिकारियों ने आज स्टेशन का निरीक्षण किया. स्टेशन के शुभारंभ से क्षेत्र में यात्री रेल सेवाओं के संचालन को और गति मिलेगी.

**सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल**



### खारचाखेड़ी में नशा मुक्ति का कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़ 01 जून, का.** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी संस्थान के सहयोग से तंबाकू निषेध पर नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम खारचाखेड़ी में किया गया. इस अवसर पर संस्थान से जुड़े भाई-बहनों ने नाटक प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामवासियों को नशामुक्त रहने का संदेश दिया तथा तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया. प्रतिभागियों ने नशामुक्ति के नारे लगाते हुए लोगों को तंबाकू एवं अन्य नशे की आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों तथा इसके सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई. इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय डॉ. ज्योति राजोरे एवं ब्रह्माकुमारी की जिला प्रभारी सुश्री बीके मधु दीदी उपस्थित रहे. उन्होंने सभी से अपील की, कि जो भी किसी भी प्रकार के नशे अथवा व्यसन की गुलामी में फंसे हुए हैं, वे आज ही संकल्प लें कि इन बुराइयों का त्याग कर स्वस्थ, सुखी एवं सम्मानपूर्ण जीवन की ओर कदम बढ़ाएंगे।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नाटक प्रस्तुतिकरण रहा. जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पान, तंबाकू, सिगरेट, शराब एवं ड्रग्स जैसे व्यसन मानव जीवन को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से बर्बाद कर रहे हैं.

# अज्ञात कारणों से युवक ने जहर खाया, मौत

## युवक ने जहर खाया, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

**पचोर 01 जून, सं. पचोर के प्रेस कॉलोनी निवासी एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ गई. इसके बाद उसे पचोर अस्पताल लाया गया. यहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया. जिला अस्पताल में ले जाने के बाद डॉक्टरों ने उसका चेकअप किया और मृत घोषित कर दिया. वहीं पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया और शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है.** जानकारी के अनुसार पचोर के प्रेस कॉलोनी निवासी जगदीश शर्मा पिता नारायण शर्मा ने अज्ञात कारणों से जहर खा लिया. उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया. पुलिस युवक द्वारा जहर खाने के कारणों की जांच कर रही है. वहीं परिजनों एवं मिलने जुलने वालों से पूछताछ की जा रही है.

### पैथोलॉजी लैब पर करता था काम, 2 छोटे बच्चे है



युवक जगदीश शर्मा नगर की एक निजी पैथोलॉजी लैब पर सैम्पल कलेक्शन का काम करता था. उनके दो बच्चे है एक लड़की और एक लड़का. युवक ने क्यों और किन परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाया फिलहाल इसके कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहे है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. युवक की मौत के बाद मिलने जुलनें वालों में शोक छा गया.

### बकरी चराने गए बालक का कुंए में मिला शव

**राजगढ़ 01 जून, का.** समीपस्थ कालीपीठ थाने में सुबह घर से बकरी चराने निकले युवक का शव कुंए में मिला है. युवक की पहचान निर्मल पिता पर्वत सिंह उम्र 16 वर्ष के रूप में हुई है. शव गांव के पण्डितजी के कुंए नामक जगह पर मिला है. युवक के परिजनों ने बताया कि वह सुबह रोज की तरह बकरी चराने के लिए निकला है. बालक को लेकर उसके परिजन जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है. वहीं मामले की जांच की जा रही है.

# नल जल योजना से मलावर में घर-घर पहुंचा पेयजल

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 जून, का.** जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. इसी क्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन तथा कार्यपालन यंत्री श्री एच.एस. बामनिया के निर्देशन में जनपद पंचायत ब्यावरा की ग्राम पंचायत मलावर में नल-जल योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्य संपादित किया गया.



ग्राम मलावर में नल-जल योजना को जल निगम की पाइपलाइन से सफलतापूर्वक जोड़ा गया. इस कार्य को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के एसडीओ देवेन्द्र सिंह गौंड एवं विभागीय टीम द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया. भीषण गर्मी के दौरान ग्रामीणों को पर्याप्त एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए गए इस प्रयास से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है. कार्य में ग्रामवासियों का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।जिससे योजना के क्रियान्वयन में सफलता मिली. विभागीय अधिकारियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों से गांव में पेयजल संकट का समाधान संभव हो सका. ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में उन्हें पेयजल के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की हानि होती थी. अब नल-जल योजना के माध्यम से घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचने से उनकी दैनिक समस्याओं का समाधान हुआ है. योजना के सफल संचालन से ग्राम मलावर में खुशी का माहौल है तथा ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पीएचई विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है.

### पीएचई के एई को निलंबित करने के निर्देश, आधा दर्जन को नोटिस थमाया

**राजगढ़ 01 जून, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी की उपस्थिति में सोमवार को आयोजित समय सीमा पत्रों की समीक्षा की. ग्राम भोजपुरिया में पेयजल समस्याओं के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर एई पीएचई को निलंबन हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. बैठक में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. समीक्षा के दौरान अनियमितता पाए जाने पर उपयंत्री अमित तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सार्थक ऐप पर नियमित उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए. लोक सेवा गारंटी अंतर्गत समय सीमा बहाय शिकायतों में ग्राम पंचायत चिबडकला जनपद पंचायत खिलचीपुर पर 1 हजार रुपए एवं ग्राम पंचायत गोरखपुर जनपद पंचायत राजगढ़ पर 500 रुपए की शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए. बैठक में सार्थक अटेंडेंस ऐप की समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया.



# आंदोलन के बाद 5 गांवों में पाइप लाइन दुरुस्त करने पहुंचे

## पांच ग्रामों में जलापूर्ति बहाली हेतु मरम्मत कार्य जारी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 जून, का. ब्यावरा के समीप पीपलहेड़ा क्षेत्र में रेलवे निर्माण कार्य के दौरान जल निगम की मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से बांकपुरा-कुशलपुरा जल प्रदाय योजना की जलापूर्ति व्यवस्था अस्थायी रूप से प्रभावित हुई है.**

स्थिति की जानकारी मिलते ही विभागीय अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा जलापूर्ति को शीघ्र बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए. प्राप्त जानकारी के अनुसार बांकपुरा-कुशलपुरा जल प्रदाय योजना अंतर्गत संचालित 200 मिमी व्यास की डीआई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पीपलहेड़ा, खजूरिया एवं मोरचाखेड़ी स्थित ओवरहेड टैंकों में जल भराव प्रभावित हुआ, जिसके कारण पीपलहेड़ा, खजूरिया, मोरचाखेड़ी, कुशलपुरा एवं सुआहेड़ी ग्रामों में पेयजल आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित हुई है.

घटना की सूचना प्राप्त होते ही जल निगम एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए. आवश्यक मशीनरी, तकनीकी संसाधन एवं कर्मचारियों को तत्काल मौके पर लगाया गया है तथा कार्य निरंतर प्रगति पर है.

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पाइपलाइन की मरम्मत की जा रही है और कार्य पूर्ण होते ही प्रभावित ग्रामों में जलापूर्ति पुनः सुचारू कर दी जाएगी. प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द राहत मिल सके.

जिला प्रशासन एवं जल निगम द्वारा नागरिकों से सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है. अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि पेयजल व्यवस्था को शीघ्र सामान्य करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं.

**धर्म कर्म** — मां बिजासन पर चल रहे प्रकल्पों को जानकर प्रभावित हो रहे प्रबुद्धजन

# धर्म, संस्कृति और समाज को जोड़ने का केन्द्र बन रहा भैसवाधाम

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 जून, का. ग्राम भैसवामाता में विराजित मां बिजासन का दरबार दशकों से आस्था व विश्वास का केन्द्र रहा है. सारंगपुर क्षेत्र सहित समूचे जिले के लिये यह स्थान सदैव श्रद्धा और आस्था का आधार रहा है. वर्तमान में जनप्रतिनिधियों, शासन-प्रशासन के सहयोग से मां बिजासन पर जिस प्रकार के प्रकल्प संचालित हो रहे है उन्हें जानकर यहां आने वाले प्रबुद्धजन प्रभावित हुए बिना नहीं रह है.**

भैसवामाता मंदिर जिसे मां बीजासन धाम के रूप में जाना जाता है. उल्लेखनीय है कि पिछले पांच-छः वर्षो से इस स्थान को लेकर जिस प्रकार क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर ने अपनी रूचि जागृत करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों को जोड़ा है उससे इस स्थान की भव्यता निरंतर निखर रही है. इस स्थान को भव्यता देने में राज्यमंत्री गौतम टैटवाल ने भी क्षेत्रीय विधायक होने के नाते अपना हर संभव सहयोग प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है.



राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक विजयपाल सिंह को बीजासन धाम की विशेषताओं से अवगत कराते हुए सांसद.

सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा जिस प्रकार पूरे मनोयोग से जो विकास किये जा रहे है वे न केवल इस धाम की भव्यता, रमणीयता को बढ़ावा दे रहे है बल्कि बाहर से आने वाले प्रबुद्धजनों, आम श्रद्धालुओं में एक आकर्षण का भाव भी पैदा कर रहे है.

इन्हीं सामुहिक प्रयासों का परिणाम है कि यह स्थान अब धर्म, संस्कृति और समाज को जोड़ने का अनूठा केन्द्र बनता जा रहा है. यहां चल रहे प्रकल्पों को जानने के बाद प्रबुद्धजन इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह रहा है. इसका प्रमाण उस समय देखने को मिला जब सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण के आयोजन में शामिल होने आए राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक विजयपाल सिंह ने कहा मां का यह धाम अद्वितीय है. पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व चेयरमेन और सोहागपुर के विधायक विजयपाल सिंह ने तो सांसद रोडमल नागर से यह तक कहा कि वे दो चार दिन रूककर यहां के प्रकल्पों को जानना, समझना और इनका अनुसरण अपने क्षेत्र में करना चाहता हूं.

सांसद श्री नागर ने बाहर से आए इन जनप्रतिनिधियों को मां बिजासन धाम की महिमा व इसके इतिहास से अवगत कराया. साथ ही यहां धर्म, संस्कृति, समाज को जोड़ने, रोजगार के लिये प्रशिक्षित करने, प्रकृति के प्रति समर्पण का भाव पैदा करने, स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, समाज को अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक करने, एकजुटता का भाव जागृत कर

उनमें जिम्मेंदारी का भाव पैदा करने का जो अनुकर्णीय कार्य किया जा रहा है वह हर व्यक्ति को प्रभावित करता है. यहां की विशेषताओं से प्रभावित होने के बाद ही सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह ने सांसद श्री नागर से कहा कि -मैं दो चार दिन यहां रूककर बहुत कुछ सीखना, करना और अपने क्षेत्र में इस परिकल्पना को साकार करना चाहता हूं.

### अनूठे आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का दिखा जुड़ाव

मां बिजासन के दरबार में पिछले दिनों लगातार सात दिनों तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक का जो अद्भुत और अकल्पनीय अनुष्ठान हुआ उसे देखकर , उसमें शामिल होकर आम धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद का अनुभव किया.

मां के दिव्य दरबार में महाकाल की दिव्य भस्म आरती, विभिन्न प्रकार की अराधना, मंत्रोच्चार से जो भक्ति भाव का वातावरण निर्मित हुआ उसकी दिव्यता का अहसास उसी ने किया जो आयोजन में शामिल हुआ. आसपास के अंचलों और शहरों से बड़ी संख्या में जनमानस धर्मलाभ लेने पहुंचा. प्रसिद्ध कथावाचक सोमेश परसाई व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को रुद्री, महारुद्राभिषेक और पार्थिव शिवलिंग निर्माण का जो प्रमाणिकता के साथ महत्व बताया उसे सुनकर हर श्रद्धालु भाव विभोर हुए बिना नहीं रहा. इस आयोजन में क्षेत्र के धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग और आम श्रद्धालुओं की हजारों की तादात में रही उपस्थिति यह बताती है कि यह स्थान अब अनेकों कारणों से लोगो के मन मस्तिष्क में एक अलग प्रकार से स्थान बनाने की ओर अग्रसर है.